म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25

अर्थवार्ता पत्रिका MPCCI

♦ वर्ष : 28, अंक : 01,02,03 ♦ माह : जुलाई, अगस्त, सितम्बर 2025


# एम.डी., MPMKVVCL श्री क्षितिज सिंघल के सानिध्य में औद्योगिक क्षेत्र की विद्युत संबंधी एवं सोलर वेण्डर्स की समस्याओं पर बैठक आयोजित



औद्योगिक क्षेत्र व शहर में विद्युत कटौती से उत्पन्न समस्याओं के संबंध में एक बैठक दिनांक 7 जुलाई 2025 को श्री क्षितिज सिंघल, प्रबंध संचालक, म. प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. के साथ 'चेम्बर भवन' में आयोजित हुई ।

इस अवसर पर श्री क्षितिज सिंघल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराना वितरण कंपनी की प्राथमिकता में है । औद्योगिक क्षेत्रों के फीडर को डेडीकेटेड करने के लिए कई कार्य स्वीकृत हो चुके हैं, उनमें से कई के टेण्डर होकर कार्य प्रारंभ हो चुका है । इन कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करने का प्रयास है । आपने कहा कि हमें अपने सब स्टेशन, ट्रांसफार्मर एवं पोल के लिए जगह का चयन करने में काफी समस्या आती है, इसमें भी ग्वालियरवासियों को सहयोग करना चाहिए। इन कार्यों के पूर्ण होते ही, जिन औद्योगिक क्षेत्रों में ट्रिपिंग की समस्या है, वह खत्म होगी । तानसेन नगर एवं महाराजपुरा औद्योगिक क्षेत्रों के लगभग 50 डीटीआर पर ए. व्ही. स्विच लगाने का कार्य आगामी माहों में पूर्ण कर लिया जाएगा, जिससे इन औद्योगिक क्षेत्रों की विद्युत संबंधी समस्या दूर हो जाएगी । आपने सोलर वेण्डर्स की समस्या पर कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आई. टी. ऑथोरिटी के रूप में प्रतिनिधि भोपाल में ही बैठता है, इसलिए समस्या का निराकरण वहीं से हो पाता है । सोलर वेण्डर्स एवं विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को इससे जागरूक करने के लिए कार्यक्रम ऑनलाइन किए गए हैं, इन्हें ऑफलाइन कराने का भी प्रयास होगा । आपने कहा कि अब जो नये स्मार्ट मीटर वितरण कंपनी द्वारा लगाए जा रहे हैं, उन मीटर्स वाले उपभोक्ता जब सोलर पैनल अपने यहाँ स्थापित करेंगे, तब उन्हें नेट मीटर लेने की आवश्यकता नहीं होगी । स्मार्ट मीटर, नेट मीटर के रूप में भी कार्य करेंगे। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित उद्यमियों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत की ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया । कार्यक्रम का संचालन मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने किया । बैठक के अंत में आभार उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया । बैठक में मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल सहित वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक–श्री अमित श्रीवास्तव, महाप्रबंधक सिटी सर्किल–श्री संदीप कालरा, महाप्रबंधक ओएण्डएम–श्री प्रेम पाराशर सहित एमएसएमई उपसमिति संयोजक–श्री संजय कपूर, सीआईआई के चेयरमेन–श्री आशीष वैश्य, बाराघाटा के अध्यक्ष–श्री सोबरन सिंह तोमर, ग्वालियर इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन से श्री संजय धवन, महाराजपुरा औद्योगिक क्षेत्र से श्री कपिल जयसिंघानी, गिरवाई लघु उद्योग संघ से श्री देवानंद तनवानी, बानमौर औद्योगिक क्षेत्र से श्री संजय शर्मा, शंकरपुर उद्योग नगरी से श्री राजेन्द्र अग्रवाल, तलवार का बाड़ा से श्री अवधेश सिंह राठौर, मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र से श्री राजेश खन्ना, श्री गिर्राज सिंघल सहित कार्यकारिणी सदस्यगण एवं उद्यमी उपस्थित थे ।


AN E11EVEN
RESORT
A Perfect venue for your Dream Wedding
2 LAWNS
1800 to 3000 Guests
2 BANQUET HALLS
500+ Peoples
30 ROOMS
150+ Peoples
Best Service
Wedding Venue | Reception | Ring Ceremony | Luxury Rooms |
Wedding Events | Engagement | Anniversary | Pool Party
Add. 1.5 K.m. From Vicky Factory Chouraha, Towards Jhansi Road, Gwalior (M.P.)
9425111122, 7610411211, 7909311211

## ट्रेफिक पुलिस, नगर–निगम, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दाल बाजार एवं लोहिया बाजार के व्यापारियों के साथ यातायात व कानून व्यवस्था में सुधार हेतु बैठक आयोजित



प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र, दाल बाजार एवं लोहिया बाजार की ''यातायात व कानून व्यवस्था'' में व्यापक सुधार हेतु एक वृहद बैठक का आयोजन दिनांक 12 जुलाई 2025 को 'चेम्बर भवन' में किया गया।

बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित नगर–निगम की ओर से पधारे अधिकारियों सहित उपस्थित व्यवसाईयों का बैठक में पधारने पर स्वागत किया। आपने कहा कि प्रत्येक बाजार की संरचना व आवश्यकता के अनुसार ट्रेफिक व्यवस्था होनी चाहिए। आपने इस अवसर पर थाना इन्दरगंज एवं कोतवाली टीआई से उक्त दोनों बाजारों की ट्रैफिक व्यवस्था के सुगम संचालन में सहयोग करने के लिए भी कहा। आपने कहा कि थाना स्तर पर बीट प्रभारी भी यदि ट्रेफिक सुधार के लिए कार्य करेंगे, तब अवश्य ही सकारात्मक परिणाम आयेंगे। आज की बैठक में व्यापारियों व प्रशासन द्वारा चर्चा के माध्यम से जो भी प्लान तय होगा, उसका हम सभी को दृढ़तापूर्वक पालन करना होगा।

इस अवसर पर बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव – दीपक अग्रवाल ने कहा कि हम सभी व्यवसाई एक सकारात्मक सोच के साथ प्लान बनाएँ, इसका लाभ हम सभी को मिलेगा। यातायात में सुधार से व्यापार में भी वृद्धि होगी। साथ ही, आपने कहा कि दोनों बाजारों में सड़क के दोनों ओर लाईन डाली जानी चाहिए और इस लाइन के अन्दर ही वाहन खड़े हों यह सख्ती के साथ व्यवस्था होनी चाहिए।

बैठक में दोनों बाजारों के कारोबारियों द्वारा निम्नानुसार सहमति व्यक्त की गई :–

**✻ दाल बाजार :** ● सड़क के दोनों ओर 12.5 फीट पर लाईनिंग की जाएगी और लाईन के बाहर खड़े वाहन व ठेला पर कार्यवाही की जाएगी। ● कोई भी व्यवसाई अपना सामान दुकान के बाहर सड़क पर नहीं रखेगा और यदि कोई व्यवसाई सामान बाहर रखेगा, तब प्रशासन चालान की कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है। ● कोई भी खाली वाहन (लोडिंग गाड़ी) बाजार के अंदर खड़ी करके नहीं जाएगा। ● नाट्य मंदिर के सामने लोडिंग वाहनों के लिए पार्किंग बनाई जाएगी और संकेतक लगाए जाएँगे।

**✻ लोहिया बाजार :** ● दुकान के बाहर कोई सामान नहीं रखा जाएगा। एक गाड़ी के बाद दूसरी गाड़ी खड़ी नहीं होगी। ● इन दोनों प्रमुख बाजारों में चूंकि ट्रेफिक का काफी लोड है। इसलिए इन दोनों बाजारों को जोड़ने वाले लिंक मार्गों (गलियों) को वाहनों के आवागमन हेतु खाली कराया जाएगा, ताकि इन दोनों बाजारों का कुछ ट्रेफिक इन गलियों में डायवर्ट होकर, मुख्य बाजार में ट्रेफिक जाम की स्थिति से बचा जा सके। ● इंदरगंज व कोतवाली पुलिस थाना का स्टॉफ भी ट्रेफिक के सुगम संचालन हेतु तत्पर रहेगा। राजपायगा पार्किंग को चालू किया जाएगा।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक–श्री कृष्ण लालचंदानी ने कहाकि यह अच्छा है कि आज की बैठक में दोनों बाजारों की समस्याएँ आपके द्वारा ही प्रस्तुत की गई और उनका समाधान भी आपके द्वारा ही निकाल लिया गया है। यह अच्छा है। आपके द्वारा जो निर्णय लिया गया है, उन पर ट्रेफिक पुलिस द्वारा प्रायोगिक रूप से क्रियान्वयन किया जाएगा। बैठक के अंत में आभार, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्वालियर शहर पूर्व)–श्री कृष्ण लालचंदानी, एसडीएम (लश्कर)–श्री नरेन्द्र बाबू यादव, डीएसपी ट्रेफिक–श्री अजीत सिंह चौहान, इंदरगंज थाना प्रभारी–श्रीमती दीप्ति तोमर, कोतवाली थाना प्रभारी–श्रीमती मोहिनी वर्मा, नगर–निगम के ट्रेफिक नोडल अधिकारी व क्रेन प्रभारी सहित चेम्बर के पूर्व कोषाध्यक्ष–श्री गोकुल बंसल, चेम्बर की यातायात उप समिति के संयोजक–श्री संजय कट्ठल व सहसंयोजक–श्री रघुनंदन अग्रवाल, दाल बाजार व्यापार समिति के अध्यक्ष–श्री दिलीप पंजवानी व सचिव–श्री विवेक जैन, लोहिया बाजार व्यापार समिति के अध्यक्ष–श्री राकेश लहारिया व सचिव–श्री महेश गेड़ा सहित कार्यकारिणी सदस्यगण व दाल बाजार, लोहिया बाजार के व्यवसाई उपस्थित थे।

## कार्यकारिणी समिति की बैठक

**दिनांक 08 जुलाई 2025 को आयोजित बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय निम्नानुसार हैं :-**

* मेसर्स सागर इन्टरप्राइजेज, समूह क्रमांक-9 (तेल, तिलहन एवं बेजीटेवल व्यवसाय) से समूह क्रमांक-5 (खाद्यान्न व्यवसाय) में किए जाने का निर्णय लिया गया ।
* साधारण सदस्य, मेसर्स श्री महाकाल फूड प्रॉडक्टस का स्वरूप परिवर्तित कर, प्रा. लि. किए जाने संबंधी आवेदन-पत्र पर विचार कर, रु. 21 हजार की राशि का शुल्क जमा करने पर स्वरूप परिवर्तित किए जाने का निर्णय लिया गया ।
* नवीन भवन निर्माण हेतु ''स्थायी भवन निर्माण समिति'' द्वारा अनुशंसित 'ड्रॉइंग' पर को स्वीकृति प्रदान की गई ।
* **MPCCI** डिजीटलाइजेशन का 'पॉवर पॉइंट' के माध्यम से प्रेजेन्टेशन दिया गया ।

## जुलाई 2025 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* मुख्यमंत्री-माननीय डॉ. मोहन यादव एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री-माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर शहर की अत्यन्त खराब सड़कों पर चिंता व्यक्त करते हुए, शहर की सड़कों के सुदृढ़ीकरण हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्य प्रारम्भ किए जाने की माँग की गई ।
* पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर को पत्र प्रषित कर 'केंसर पहाड़िया' पर पुलिस गश्त की उचित व्यवस्था करने की माँग की गई, ताकि शहरवासी बगैर किसी भय के केंसर पहाड़िया मार्ग से सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकें ।
* आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, झाँसी रोड, चेतकपुरी व सिटी सेंटर की अत्यन्त जर्जर सड़कों के निर्माण सहित शहर की अन्य सभी सड़कों में जल भराव व गड्ढों की समस्या के समाधान हेतु उचित कार्यवाही करने की माँग की गई।
* प्रधानमंत्री-माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी केन्द्रीय वित्तमंत्री-माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण प्रदेश के मुख्यमंत्री-माननीय डॉ. मोहन यादव व वित्तमंत्री-माननीय श्री जगदीश देवड़ा को पत्र प्रेषित कर, पेट्रोल एवं डीजल को जीएसटी में शामिल करने की माँग की गई ।
* सीएमओ, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, फूड सेम्पल पास होने पर समाचार-पत्रों में इसकी जानकारी प्रकाशित कराए जाने की माँग की गई, ताकि संबंधित व्यवसाई की साख पूर्व की भांति यथावत बनी कायम रहे ।
* माननीय डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर में वर्षों से स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही की माँग की गई ।
* ऊर्जा मंत्री, माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्रालय, आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय को पत्र प्रेषित कर,'माधव प्लाजा' के हितग्राहियों से ब्याज की राशि नहीं माँगे जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने की माँग की गई।
* प्रदेश के मुख्यमंत्री-माननीय डॉ. मोहन यादव एवं वित्तमंत्री-माननीय श्री जगदीश देवड़ा व एमएसएमई मंत्री-माननीय श्री चैतन्य कुमार काश्यप को पत्र प्रेषित कर, स्टॉम्प ड्यूटी की दरें कम किए जाने, पेट्रोल एवं डीजल पर वेट की दरों में कटौती किए जाने सहित 'सिंगल विण्डो सिस्टम' को सशक्त बनाए जाने की माँग की गई ।

## अगस्त 2025 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* केन्द्रीय संचार मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष-माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं सांसद-माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह को पत्र प्रेषित कर, मुरार में प्रस्तावित 'फ्लाई ओवर' के निर्माण पर पुनर्विचार किए जाने की माँग की गई ।
* केन्द्रीय संचार मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, हरिद्वार-एलटीटी एक्सप्रेस का ठहराव ग्वालियर रेलवे स्टेशन उपलब्ध कराए जाने एवं जेडआरयूसीसी, डीआरयूसीसी व एसआरयूसीसी के पुनर्गठन हेतु प्रेषित किए गए, सदस्यों के नामों को शामिल किए जाने हेतु आवश्यक पहल किए जाने की माँग की गई ।
* मुख्यमंत्री-माननीय डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय संचार मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, इन्दौर एवं भोपाल की भांति ''ग्वालियर मेट्रोपालिटन रीजन'' बनाए जाने की माँग की गई ।
* निदेशक, भारत सरकार, मंत्रिमण्डल सचिवालय, नई दिल्ली से प्राप्त पत्र, जिसमें उल्लेख किया गया है कि ''राष्ट्रीय भवन निर्माण संहिता-2016'' कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है। तत्संबंध में मुख्य सचिव, म. प्र. एवं प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र प्रेषित कर, सभी संबंधित विभागों को एडवायजरी जारी करने की माँग की गई ।

## MPCCI प्रतिनिधि मण्डल ने भोपाल में माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय विधानसभा अध्यक्ष से की सौजन्य भेंट



MPCCI प्रतिनिधिमण्डल ने दिनांक 6 अगस्त को भोपाल में म. प्र. विधानसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री–माननीय डॉ. मोहन यादव से शिष्टाचार भेंट की । विधानसभा परिसर में आयोजित इस भेंट में प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री, माननीय डॉ. मोहन यादव से विधानसभा अध्यक्ष–माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर की उपस्थिति में ग्वालियर अंचल में व्यापार और उद्योग की संभावनाओं पर लगभग 30 मिनट तक चर्चा की । इस अवसर पर प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री–माननीय डॉ. मोहन यादव एवं विधानसभा अध्यक्ष–माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर को चेम्बर ऑफ कॉमर्स में पधार कर, व्यापार एवं उद्योग के विषय पर विस्तृत चर्चा हेतु आमंत्रण–पत्र भेंट किया। दोनों ही विशिष्टजनों ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए शीघ्र ही 'चेम्बर भवन' में आने का आश्वासन दिया। साथ ही प्रतिनिधिमण्डल ने इस अवसर पर प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री–माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय से भी शिष्टाचार भेंट की एवं उन्हें भी संस्था में पधारने का निमंत्रण दिया, जिसे माननीय मंत्री महोदय ने सहर्ष स्वीकार किया । प्रतिनिधिमण्डल ने इस अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्यवाही का भी अवलोकन किया । प्रतिनिधिमण्डल में संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल शामिल थे ।

## सर्बियन राजदूत महामहिम सिनिसा पेविक का चेम्बर ऑफ कामर्स में आगमन



**सर्बियन राजदूत–महामहिम सिनिसा पेविक,** दिनांक 25 जुलाई को 'चेम्बर भवन' में पधारे । इस अवसर पर आपने पदधिकारियों से मुलाकात की और सर्बिया तथा मध्यप्रदेश के साथ ही विशेष रूप से ग्वालियर के बीच वाणिज्यिक सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की । आपने कहा कि ऐतिहासिक रूप से सर्बिया और ग्वालियर के मध्य गहरा और आत्मीय रिश्ता है । आपने कहा कि प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ग्वालियर स्टेट के सैनिकों ने सर्बिया की ओर से अपना शौर्य दिखाया था । वर्तमान में सर्बिया यूरोप का हिस्सा है । भारत का यूरोप के साथ वाणिज्यिक संबंध है । सर्बिया और ग्वालियर के बीच व्यापारिक संबंध स्थापित होने चाहिए। शासन स्तर पर रिश्ते कायम करने में कुछ पेचीदगियाँ होती हैं, इसलिए बेहतर है कि सर्बिया और म. प्र. विशेषकर ग्वालियर के बिजनिसमैन आपस में निवेश संबंधी चर्चा करें, ताकि वाणिज्यिक संबंध स्थापित हो सकें । आपने कहा कि शीघ्र ही सर्बिया का एक बिजनिस डेलीगेशन ग्वालियर आएगा । आपने कहा कि म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री इस विजिट में अहम रोल अदा करेगा ।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन में कहा कि ऐतिहासिक शहर ग्वालियर में आपका स्वागत है । ग्वालियर न केवल अपनी समृद्ध संस्कृति, महलों और किलों के लिए जाना जाता है, बल्कि नेतृत्व और विकास की अपनी विरासत के लिए भी जाना जाता है, जिसका एक बड़ा हिस्सा सिंधिया राजवंश द्वारा गढ़ा गया था । शिक्षा, बुनियादी ढाँचे और जनसेवा में उनका योगदान इस क्षेत्र की प्रगति को प्रेरित करता रहेगा । भारत और सर्बिया के बीच एक मज़बूत और मैत्रीपूर्ण संबंध है, जो आपसी सम्मान और ऐतिहासिक संबंधों पर आधारित है – विशेष रूप से गुटनिरपेक्ष आंदोलन के माध्यम से । आज, हमारा देश व्यापार, रक्षा, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि आदि क्षेत्रों में सहयोग जारी रखे हुए हैं । हम सर्बिया और मध्यप्रदेश के बीच सहयोग की अपार संभावनाएँ देखते हैं । इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकारिणी समिति सदस्य–सर्वश्री आशीष अग्रवाल, अनूप साहू, महेन्द्र साहू, संजय गुप्ता, सुशांत सिंघल, रविकुमार गर्ग, विवेक बंसल द्वारा सर्बियन राजदूत सिनिसा पेविक को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया । बैठक का संचालन, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल द्वारा तथा अंत में आभार, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया ।

# मुरार की यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु बैठक आयोजित



उपनगर मुरार की यातायात व्यवस्था में व्यापक सुधार को ध्यान में रखकर, दिनांक 5 अगस्त को बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में एसडीएम–श्री नरेश गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक–श्री कृष्ण लालचंदानी, उपायुक्त एवं मदाखलत प्रभारी–केशव सिंह चौहान, डीएसपी ट्रैफिक–श्री अजीत सिंह चौहान, ट्रैफिक सूबेदार–श्री अभिषेक रघुवंशी एवं मुरार थाना प्रभारी–श्रीमती नैना पटेल के साथ ही काफी संख्या में मुरार के व्यवसाईगण उपस्थित थे ।

बैठक के प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि दाल बाजार एवं लोहिया बाजार की यातायात व्यवस्था के लिए किए गए प्रयास से वहाँ की यातायात व्यवस्था में सुधार हुआ है । इसी से प्रेरणा लेकर मुरार के व्यवसायियों ने मुरार की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए बैठक का प्रस्ताव रखा था, जिस पर यह बैठक आयोजित की गई है। आपने कहा कि व्यवसायी अपनी दुकान के बाहर सामान न रखें और इस बात पर अपने बाजार में सर्वसम्मति बनाएँ । इसके बाद अतिक्रमण हटाना एवं यातायात को सुगम बनाने का प्रबंध करना प्रशासन की जिम्मेदारी है । आज जो भी यातायात व्यवस्था में सुधार के निर्णय लिए जाएँगे, उनका क्रियान्वयन 11 अगस्त से किया जाएगा, ताकि रक्षाबंधन के त्यौहार पर किसी को परेशानी न हो ।

बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि दाल बाजार एवं लोहिया बाजार के बाद अब मुरार क्षेत्र के व्यापारीगण भी यातायात व्यवस्था के सुधार हेतु सक्रिय रूप से आगे आ गए हैं । मुरार के व्यापारियों द्वारा दिए गए ठोस सुझाव, जैसे पार्किंग स्थलों का निर्माण, हॉकर्स ज़ोन की व्यवस्था, टर्निंग पॉइंट्स की स्पष्टता और अवैध अतिक्रमण हटाना ये सभी प्रयास न केवल यातायात व्यवस्था को सुगम बनाएंगे, बल्कि नागरिकों को भी राहत प्रदान करेंगे। इस समस्त प्रक्रिया में व्यापारी और प्रशासन का आपसी समन्वय ही हमारे प्रयासों को सफलता की ओर ले जा रहा है ।

बैठक में मुरार के व्यवसायियों ने एकमत से कहा कि वे अपनी दुकानों के बाहर सामान नहीं रखेंगे । साथ ही, बताया कि मुरार के जितने भी चौराहे हैं, उनके लेफ्ट टर्न को फ्री रखा जाना चाहिए । 100 मीटर के दायरे में कोई भी हाथ ठेला, ई–रिक्शा, ऑटो, टेम्पो आदि न खड़े हों । बारादरी चौराहे पर जो रोटरी बनी है, उसे छोटा किया जाए और उसके बाद वहाँ लगे ट्रेफिक सिग्नल को चालू किया जाए । पथ विक्रेता तथा हाथ ठेले वालों को हॉकर्स जोन में शिफ्ट किया जाए । मुरार के सभी बाजारों में पार्किंग लाइन डाली जाए, उसके बाद जो भी वाहन खड़े हों, उन पर चालानी कार्यवाही की जाए । बैठक में दीर्घकालिक सुझाव के रूप में तय हुआ कि पूर्व विधायक. श्री मुन्नालाल गोयल द्वारा मुरार नदी के किनारे प्रस्तावित रिंग रोड को बनाया जाए, जिससे मुरार की यातायात व्यवस्था का सुगम एवं स्थायी समाधान हो सके । वहीं मुरार में स्थान चिहिन्त करके मल्टीलेबल पार्किंग बनाई जाए ।

इस अवसर पर उपायुक्त, नगर निगम–श्री केशव सिंह चौहान ने कहा कि मुरार के व्यवसायियों द्वारा जो समस्याएं रखी गई हैं, उन पर लाइन ऑफ एक्शन तय करके 11 अगस्त से अतिक्रमण एवं ठेले वालों का हटाया जाएगा ।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक–श्री कृष्ण लाल चंदानी ने कहा कि चेम्बर ने शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए सकारात्मक दिशा ली है । दाल बाजार एवं लोहिया बाजार की यातायात व्यवस्था में सुधार हुआ है । इसलिए मुरार में भी यह सुधार देखने को मिलेगा । आपकी समस्याओं के लिए हम संवेदनशील हैं । मल्टी लेबल पार्किंग एवं मुरार नदी के किनारे रिंग रोड दीर्घकालिक प्रस्ताव हैं, जिन्हें सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में रखा जाएगा । बारादरी चौराहे एवं अन्य सभी चौराहों के लेफ्ट टर्न फ्री रखे जाएँगे और इस पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी । दोपहर 1 से 4 बजे के बीच मुरार थाना एवं यातायात पुलिस के जवान उपस्थित रहकर व्यवस्था को संभालेंगे । माल रोड पर नो पार्किंग जोन के लिए विजिट किया जाएगा । सड़कों पर लाइन डालकर चालानी कार्यवाही की जाएगी । ठेले वालों को हॉकर्स जोन में शिफ्ट कराया जाएगा । बारादरी चौराहे की रोटरी एवं ट्रैफिक सिग्नल के संबंध में जो प्रस्ताव हैं, उसे सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में रखकर क्रियान्वयन कराया जाएगा । बुलेट के सायरन, बिना नम्बर के वाहन एवं काली फिल्म वाले वाहनों पर कार्यवाही के लिए अभियान चलाया जाएगा । आपने कहा कि जिस प्रकार दाल बाजार एवं लोहिया बाजार की यातायात व्यवस्था में सुधार हुआ और उसकी चर्चा आज हो रही है, उसी प्रकार जब हम अगली बार बैठक करेंगे, तब मुरार की व्यवस्थित यातायात का भी जिक्र जरूर होगा, ऐसी हम उम्मीद करते हैं । एसडीएम–श्री नरेश गुप्ता ने कहा कि आज व्यवसायियों ने यातायात सुधार के लिए जो सहयोग की भावना दिखाई है, उससे 50% समस्या खत्म हो गई है, शेष प्रशासन दुरूस्त कर देगा । रोस्टर के मुताबिक अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी ।

आभार, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया । बैठक में कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल, कार्यकारिणी समिति सदस्य–सर्वश्री पारस जैन, के. के. महेश्वरी, दीपक गुप्ता, उपनगर मुरार उपसमिति के संयोजक–श्री सुनील गोयल, सहसंयोजक–श्री राहुल गोयल, यातायात उपसमिति के संयोजक–श्री संजय कट्ठल, सर्राफ एवं स्वर्णकार समिति के अध्यक्ष–श्री संजय मंगल, गल्ला मण्डी अध्यक्ष–श्री रूपेश गोयल, किराना संघ अध्यक्ष–श्री मनोज राठौर, कपड़ा संघ अध्यक्ष–श्री संदीप अग्रवाल, रेडीमेड कपड़ा संघ अध्यक्ष–श्री बालकृष्ण अग्रवाल आदि उपस्थित थे ।

# स्वतंत्रता दिवस पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने किया ध्वजारोहण




79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा 'चेम्बर भवन' पर ध्वजारोहण किया गया । इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष–हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्ष–डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, संयुक्त अध्यक्षद्वय–श्री यश गोयल, श्री प्रशांत गंगवाल, पूर्व उपाध्यक्ष–श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, श्री राधाकिशन खेतान, श्री सुरेश बंसल, श्री पारस जैन, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिवद्वय–श्री पीताम्बर लोकवानी, श्री जगदीश मित्तल, पूर्व कोषाध्यक्षद्वय–श्री कैलाश लहारिया, श्री वसंत अग्रवाल सहित काफी संख्या में कार्यकारिणी समिति सदस्यगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

इस अवसर **अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल** द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए कहा कि हमें यह आजादी बहुत कुर्बानियों के बाद मिली है, हमारी यह आजादी अक्षुण्ण बनी रहे इसके लिए हजारों लोग वीरगति को प्राप्त हुए। आज इस अवसर पर हम उन सभी को नमन करते हैं। वर्तमान समय चुनौतियों का है। आज हमें आर्थिक रूप से सम्पन्न होते देख अमेरिका हमारे बढ़ते हुए कदमों को रोकने के लिए आगे आ रहा है। हम ज्यों–ज्यों विश्व की नंबर–1 अर्थव्यवस्था बनने के लिए आगे कदम बढ़ायेंगे त्यों–त्यों सम्पन्न देश एवं उनके साथ वह नापाक देश जिनके मंसूबे कामयाब नहीं हुए, वह एकजुट होकर हमको दबाने की कोशिश करेंगे। हम सबको अपनी एकजुटता से इसका जवाब देना है और आगे बढ़ते जाना है। आपने कहा कि हमारा देश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 23.5 हजार करोड़ रूपये के शस्त्र हमने निर्यात किये हैं और यह निर्यात आर्थिक सम्पन्न देशों को खटक रहा है और उन्होंने रोज नई साजिश रचना शुरू कर दी है। टैरिफ वार भी उसी का एक हिस्सा है। हमारे देश के सामने अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों के साथ ही राष्ट्रीय स्तर की चुनौतियां भी आती हैं।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे, **मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल** ने इस अवसर पर बताया कि चेम्बर भवन पर 'रूफ टॉफ सोलर सिस्टम' स्थापित किया गया है। इसके साथ ही संस्था के सारे दस्तावेजों का पूर्ण रूप से डिजीटलाईलेशन किया जा चुका है। इन्फ्रास्ट्रक्चर के अन्तर्गत नवीन भवन का कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ होगा । आभार, **मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल** ने व्यक्त किया ।

# विद्युत समस्या समाधान शिविर 'चेम्बर भवन' में आयोजित

ग्वालियर शहर के सभी उपभोक्ताओं की विद्युत समस्याओं के निराकरण हेतु दि. 23 अगस्त को ''विद्युत समस्या समाधान शिविर'' का आयोजन किया गया। शिविर के प्रारंभ में अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने ऊर्जा मंत्री, माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर चेम्बर में पुनः मासिक विद्युत शिकायत निवारण शिविर प्रारंभ होने पर माननीय ऊर्जा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया । शिविर में संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन अग्रवाल, मुख्य महाप्रबंधक–श्री विनोद कटारे, महाप्रबंधक शहर वृत्त–श्री संदीप कालरा के साथ उपमहाप्रबंधक (मध्य क्षेत्र)–गगनदेव शर्मा, उपमहाप्रबंधक (पूर्व क्षेत्र)–अजीत सिंह राजपूत, उपमहाप्रबंधक (दक्षिण क्षेत्र)–सन्तोष विट्ठल, उप महाप्रबंधक (सिटी सर्किल)–एस. के. चतुर्वेदी उपस्थित थे।



## कार्यकारिणी समिति की बैठक

**दिनांक 28 अगस्त 2025 को आयोजित बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय निम्नानुसार हैं :-**

* पेट्रोल–डीजल को जीएसटी में शामिल किए जाने हेतु जनआंदोलन किए जाने का निर्णय लिया गया ।
* एकाउन्टेंट, श्री राघवेन्द्र सिंह यादव को देय ग्रेच्युटी का चैक प्रदान कर, उन्हें ससम्मान विदाई दी गई ।
* निम्नानुसार समूह परिवर्तन किए जाने का निर्णय लिया गया :–

(1) मेसर्स गुप्ता इलेक्ट्रोनिक्स, समूह क्र.–20 (भवन निर्माण सामग्री व्यवसाय) से समूह क्र.–13 (इलेक्ट्रोनिक उपकरण व्यवसाय) में ।

(2) मेसर्स मध्य भारत आर्मी स्टोर्स, समूह क्र.–60 (लघु उद्योग : अन्य) से समूह क्र.–37 (रेडीमेड एवं हौजरी व्यवसाय) में।

(3) मेसर्स राजकुमार एण्ड ब्रदर्स समूह क्र.–60 (लघु उद्योग : अन्य) से समूह क्र.–37 (रेडीमेड एवं हौजरी व्यवसाय) में ।

(4) मेसर्स लक्ष्मी इंटरप्राइजेज समूह क्र.52 (लघु उद्योग : शॉप पेंट एण्ड केमीकल) से समूह क्र.–53 (लघु उद्योग : रबर एण्ड प्लास्टिक) में।

* चेम्बर सदस्य फर्म–मेसर्स शेयरकॉन से प्राप्त त्याग–पत्र को स्वीकार किए जाने का निर्णय लिया गया ।
* दिनांक 13–14 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाले ''सोलर फेयर–2025'' की जानकारी दी गई ।

**नवीन सदस्यता हेतु प्राप्त निम्नलिखित आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई :–**

1. मेसर्स सिकरवार मेडीकोज, भाटिया डेयरी के पास, थाटीपुर, ग्वालियर.
2. मेसर्स रामनारायण एण्ड संस एण्ड फिलिंग सेंटर, बायपास रोड, भिण्ड
3. मेसर्स मुकेश टेक्सटाईल, अग्रसेन कॉम्पलेक्स, दर्जीओली, लश्कर.
4. मेसर्स ओम कॉस्मेटिक्स अग्रसेन मार्केट, दर्जी ओली, लश्कर, ग्वा.
5. मेसर्स अग्रवाल मैटल स्टोर, गंज गेट, सदर बाजार, मुरार
6. मेसर्स तायल एण्ड संस, पारखजी का बाड़ा, दौलतगंज, लश्कर, ग्वा.
7. मेसर्स प्रदीप टैक्सटाईल, गिर्राज मार्केट, नया बाजार, लश्कर, ग्वा.
8. मेसर्स अनन्त एसोसिएट, 307, जीवाजी नगर, थाटीपुर, ग्वालियर
9. मेसर्स सिंघल की ट्रेडर्स, शिन्दे की छावनी, ग्वालियर
10. मेसर्स श्रीनाथ फैब्रीकेशन, लाला का बाजार, लश्कर, ग्वालियर
11. मेसर्स पीताम्बरांश, सूबे की गोठ, कैलाश टॉकीज के पीछे, ग्वालियर
12. मेसर्स बालाजी टेलीकम्युनिकेशन, किला गेट, ग्वालियर
13. मेसर्स एक्सप्लोरिका होलिडेज, पाटनकर बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
14. मेसर्स नारायनन बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स प्रा. लि., 1004, आर्किड टॉवर, ग्वालियर
15. मेसर्स अग्रवाल संस, लैण्डमार्क के सामने, 6, झाँसी रोड, ग्वालियर
16. मेसर्स एक्सीलेंट कम्प्यूटर सर्विस, आर–1, न्यू कुशल नगर, ग्वालियर
17. मेसर्स जान्या ज्वेलर्स, नवल मेंशन, सराफा बाजार, ग्वालियर
18. मे.पण्डोखर सरकार किराना स्टोर, रिसाला बाजार, घासमण्डी, मुरार.
19. मेसर्स आर्यन पीवीसी हब, खुर्जेवाला मौहल्ला, दौलतगंज, लश्कर, ग्वा.
20. मेसर्स गणेश पेट्रोलियम, होटल नारायण के पास, मुरार, ग्वालियर
21. मेसर्स जिन्दल फूड इण्डस्ट्रीज, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर
22. मेसर्स कौशल एग्रोऑयल्स प्रा. लि., 23 औद्योगिक क्षेत्र, मुरैना
23. मेसर्स बत्रा संस, 220 गाँधी मार्केट, लश्कर, ग्वालियर
24. मे. चन्द्रा एजेन्सी, सोढी कम्पाउण्ड, निम्बालकर की गोठ, लश्कर.
25. मेसर्स निधि इण्डस्ट्रीज प्रा. लि., शिवाजी टॉवर, फूलबाग, ग्वालियर.

## सितम्बर, 2025 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* केन्द्रीय संचार मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, बहौड़ापुर क्षेत्र विशेषकर आनन्द नगर एवं ट्रांसपोर्ट नगर में बीएसएनएल के मोबाइल सिग्नल नहीं मिलने की समस्या से अवगत कराया गया।
* आयुक्त, नगर–निगम, को पत्र प्रेषित कर, शहर के सभी बाजारों में प्रतिष्ठानों को कचरा डालने हेतु डस्टबिन रखे जाने की माँग की गई।
* केन्द्रीय संचार मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं केन्द्रीय रेलमंत्री महोदय को पत्र प्रेषित कर, झाँसी–इन्दौर/रतलाम लिंक एक्सप्रेस को पुनः प्रारम्भ किए जाने की माँग की गई ।
* नगर–निगम परिषद, सभापति–श्री मनोज सिंह तोमर एवं नेता प्रतिपक्ष–श्री हरि पाल को ज्ञापन सौंपकर, गारबेज शुल्क की विसंगति को दूर करने हेतु परिषद से निर्णय कराने की माँग की गई ।
* केन्द्रीय वित्तमंत्री, भारत सरकार एवं अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, नई दिल्ली को पत्र प्रेषित कर, वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु आयकर रिटर्न एवं टैक्स ऑडिट रिपोर्ट की नियत तिथियों में विस्तार किए जाने की माँग की गई ।
* मुख्यमंत्री–माननीय डॉ. मोहन यादव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री–माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रभारी मंत्री–माननीय श्री तुलसी सिलावट, ऊर्जा मंत्री–माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सामाजिक न्याय मंत्री–माननीय श्री नारायण सिंह कुशवाह सहित विधायक (पूर्व)–माननीय डॉ. सतीश सिंह सिकरवार को पत्र प्रेषित कर, शहर की जर्जर सड़कों सहित सीवर लाईन व स्ट्रीट लाईट की संभीर समस्या के उचित समाधान की माँग की गई ।
* पेट्रोल एवं डीजल को जीएसटी में शामिल किए जाने हेतु फिक्की को प्रस्ताव प्रेषित किया गया। साथ ही, मध्यप्रदेश के सभी व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों को भी पेट्रोल एवं डीजल को जीएसटी में शामिल किए जाने संबंधी पत्र प्रेषित किए गए ।

# मासिक विद्युत समस्या समाधान शिविर 'चेम्बर भवन' में आयोजित



''मासिक विद्युत समस्या समाधान शिविर'' का आयोजन शनिवार, 27 सितम्बर को 'चेम्बर भवन' में किया गया । शिविर में लगभग 100 उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान किया गया ।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक–श्री विनोद कटारे ने कहा कि किसी भी विद्युत उपभोक्ता की शिकायत का समाधान किए बगैर यदि शिकायत को समाप्त किया गया है, तो उस लाइन स्टॉफ, एई और जेई के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। आपने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी डीजीएम यह सुनिश्चित करें कि उपभोक्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार होना चाहिए।

प्रारम्भ में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि बार–बार ऐसी शिकायतें आती हैं कि उपभोक्ता बिजली जाने की शिकायत दर्ज करवाते हैं, तब बिजली सही होने से पहले ही विभाग द्वारा शिकायत समाप्त कर दी जाती है, जिससे उपभोक्ता को मानसिक पीड़ा होती है और बार–बार शिकायत दर्ज करनी होती है । आपने कहाकि हमारे द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, परन्तु अधिकांश उपभोक्ताओं की शिकायत आती हैं कि कई–कई माह सोलर मीटर स्थापित ही नहीं किया जाता है, जिससे इस अभियान में रुकावट उत्पन्न होती है । साथ ही, प्रतिमाह सोलर बिल दिए जा रहे हैं, उन बिलों को जब अगले माह देखते हैं, तो उनका प्रिंट ही गायब हो जाता है, यह एक बड़ी समस्या है ।

इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष–हेमन्त गुप्ता, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य–सर्वश्री आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विवेक बंसल सहित महाप्रबंधक (शहर वृत्त)–श्री संदीप कालरा, उपमहाप्रबंधक (मध्य क्षेत्र)–श्री गगनदेव शर्मा, (पूर्व क्षेत्र)–श्री अजीत सिंह राजपूत, (दक्षिण क्षेत्र)–श्री संतोष विट्ठल, (सिटी सर्किल)–श्री एस. के. चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे ।

# साहूकारी लायसेंस शिविर 'चेम्बर भवन' में आयोजित



दिनांक 26 अगस्त को व्यापारियों के लिए साहूकारी लाइसेंस शिविर का सफल आयोजन 'चेम्बर भवन' में किया गया । उक्त शिविर में शहर के व्यवसाईयों ने नवीन साहूकारी लाइसेंस बनवाए एवं पुराने लाइसेंसों का नवीनीकरण भी कराया ।

इस शिविर में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, उपायुक्त, नगर–निगम–श्री उत्त जखेनिया, प्रभारी साहूकारी लाइसेंस–श्री महेन्द्र शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य – सर्वश्री आशीष अग्रवाल, रवि जैन सहित सदस्य–सर्वश्री नारायण बृजवासी, राहुल शर्मा, अजय मेहता, निखिल सिंघल, हर्ष गोयल, अमित अग्रवाल, धर्मेन्द्र गोयल आदि उपस्थित थे ।

# Ministry of Road Transpor and Highways, Govt. of India की 'राहवीर योजनान्तर्गत' सहयोग करने वाले व्यक्ति को मिलेंगे रु. 25000/–

सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को गोल्डन अवर्स **(Golden Hours)** के अंदर अस्पताल तक ले जाने वाले व्यक्तियों को राहवीर के रूप में परिभाषित कर, उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि रु. 25 हजार एवं प्रमाण–पत्र देने का प्रावधान किया गया है । इस योजना का विस्तृत उल्लेख **Ministry of Road Transport and Highways, Govt. of India (Road Safety Cell)** द्वारा दिनांक 21 अप्रैल 2025 को जारी सर्कुलर **RT-25035/27/2021-RS** में किया गया है ।

# जीएसटी संशोधन पर बैठक आयोजित




**MPCCI** द्वारा जीएसटी संशोधन पर बैठक आयोजित की गई । जिसमें चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स की जीएसटी कमेटी के चेयरमैन श्री दीपक बाजपेई जीएसटी विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे। श्री बाजपेई ने व्यापारियों कि जीएसटी समस्याओं का समाधान प्रदान करते हुए कहा कि सरकार चाहती है दाम कम हो, परचेजिंग ज्यादा हो, ताकि आम जनता को भी लाभ हो। नई दिल्ली में तीन–चार सितंबर को जीएसटी काउंसर की बैठक होगी, उसके बाद 22 सितंबर से यह सभी जीएसटी संशोधन लागू हो जाएंगे। जीएसटी के दो बड़े स्टेप खत्म होने के बाद अब जीएसटी रेट 18% में 5% ही रह जाएंगे। 90% प्रोडक्ट्स पर जीएसटी परिवर्तन का असर होगा। सरकार का प्रयास है इसका लाभ जमीनी स्तर पर आम नागरिक तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि आईटीसी डीजॉल्व करके पेट्रोल डीजल को जीएसटी में शामिल करने के लिए भी विशेष प्रयास करना चाहिए क्योंकि यह एक बहुत बड़ा सेगमेंट है। सरकार की मंशा है टर्नओवर को एक करोड़ पर लेकर आए। शीघ्र ही इंश्योरेंस पर टैक्स जीरो होगा।

अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने स्वागत उद्‌बोधन देते हुए कहा प्रधानमंत्री जी ने 15 अगस्त को लाल किले से देशवासियों को बहुत बड़ा तोहफा दिया है, जीएसटी के दो बड़े स्लैब समाप्त होने जा रहे हैं, जिससे व्यापारियों को एवं आम नागरिकों को बहुत बड़ी राहत प्राप्त होगी उन्होंने कहा कर प्रक्रिया जितनी आसान होगी कर दाता उतना ही करीब होगा, कर प्रक्रिया जितनी जटिल होगी कर दाता उतना ही दूर होगा। श्री अग्रवाल ने कहा पेट्रोल डीजल पर वैट समाप्त करके इस जीएसटी में शामिल करना हमारी सबसे प्रमुख मांग है। केंद्र सरकार के साथ–साथ मध्य प्रदेश सरकार से भी मांग की जाएगी कि मध्यप्रदेश में पेट्रोल डीजल की दर उत्तर प्रदेश एवं अन्य पड़ोसी राज्यों से अधिक ना हो क्योंकि इसका सबसे बड़ा नुकसान ग्वालियर चम्बल संभाग को हो रहा है।

फर्म के प्रोपराइटर की मृत्यु होने की दशा में जीएसटी रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों में फर्म का स्थापना वर्ष जरूर अंकित होना चाहिए जिससे कि फर्म का वरिष्ठता क्रम बना रहे। ई वे बिल 1 लाख से बढ़कर 2 लाख किया जाना चाहिए। ई वे बिल में कई विसंगतियां हैं, इनकी वजह से व्यापारी को बहुत परेशानियां होती हैं, इन विसंगतियों को दूर करना चाहिए।

इस अवसर पर बैठक का संचालन करते हुए, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा जीएसटी के मुद्दे पर चेम्बर हमेशा सरकार के साथ पॉजिटिव रहा है । इसके हमें सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। आगे भी हम सरकार के साथ सकारात्मक रहेंगे। संयुक्त मानसेवी सचिव–पवन अग्रवाल ने उपस्थित सदन का सादर आभार व्यक्त किया। बैठक में उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, **MPCCI** जीएसटी कमेटी के चेयरमैन, सीए दीपक वाजपेयी, आशीष अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, राजेश गर्ग, सुरेश जी एवं राहुल शर्मा आदि उपस्थित थे।

## 'गणेश चतुर्थी' के अवसर पर श्रीजी हुए 'चेम्बर भवन' में विराजमान





'गणेश चतुर्थी' के पावन अवसर पर बुधवार, 27 अगस्त को 'चेम्बर भवन' में श्रीजी की विधि विधान के साथ स्थापना की गई । इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य–सर्वश्री महेन्द्र साहू, दीपक श्रीचन्द जैसवानी, संजय धवन, रामकुमार गोयल, सुनील मंगल, विवेक बंसल सहित सदस्य–सर्वश्री राजा श्रीवास्तव, हीरालाल ढींगरा एवं निखिल अग्रवाल आदि उपस्थित थे ।

# 'रीजनल टूरिज़्म कॉन्क्लेव' ग्वालियर में आयोजित



रीजनल टूरिज़्म कॉन्क्लेव, ग्वालियर का आयोजन दिनांक 30 अगस्त को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय सभागार में मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव एवं विधानसभा अध्यक्ष माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर MPCCI के कार्यकारिणी सदस्य सर्वश्री आशीष अग्रवाल, विवेक बंसल, लक्ष्मीनारायण गर्ग, चंद्रकांत अग्रवाल, दीपक जैसवानी, राम कुमार चोपड़ा, अरुण गुप्ता, विजय कुमार गोयल, संजय गुप्ता, राजेश माखीजा आदि उपस्थित थे।

## सदस्य उपलब्धियाँ...

### लघु उद्योग भारती, बिरलानगर इकाई की कार्यकारिणी गठित

अध्यक्ष–श्री संजय धवन, उपाध्यक्ष–श्री सागर अग्रवाल, सचिव–श्री अभय गर्ग, संयुक्त सचिव–श्री कमल गोयल एवं कोषाध्यक्ष–श्री राजकुमार राय को नियुक्त किया गया है।


संजय धवन


सागर अग्रवाल


अभय गर्ग


कमल गोयल


राजकुमार राय

### अग्रवाल महासभा के निर्वाचन सम्पन्न

अध्यक्ष–श्री सुरेश बंसल, महामंत्री–श्री रवि गर्ग एवं कोषाध्यक्ष– श्री जे. सी. गोयल निर्वाचित हुए।


सुरेश बंसल


रवि गर्ग


जे. सी. गोयल

### गिर्राज क्लॉथ मार्केट एसोसिएशन के निर्वाचन सम्पन्न

अध्यक्ष–श्री विपिन तिवारी, उपाध्यक्ष–श्री मधुर मित्तल, संयुक्त सचिव–श्री चंद्रप्रकाश अग्रवाल निर्वाचित हुए हैं।


विपिन तिवारी


मधुर मित्तल


चंद्रप्रकाश अग्रवाल

### सिन्धु सोशल सोसायटी (रजि.) का गठन

सिन्धु सोशल सोसा. (रजि.) ग्वालियर का दि. 3 जुलाई को गठन किया गया। इसमें संरक्षक–श्री सुरेश खत्री, प्रचार सचिव–श्री शिवरतन सिधवानी, कार्यकारिणी सदस्य–सर्वश्री देवानन्द तनवानी, नन्दलाल जेसवानी व पृथ्वी पंजवानी को मनोनीत किया गया है।


शिवरतन सिधवानी


देवानन्द तनवानी


नन्दलाल जेसवानी

### ग्वालियर फोटोग्राफर्स एसोसिएशन के निर्वाचन सम्पन्न

ग्वालियर फोटोग्राफर्स एसोसिएशन के सम्पन्न हुए निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर श्री मनोज राजपूत एवं उपाध्यक्ष पद पर श्री लवेश सांघी निर्वाचित हुए।


मनोज राजपूत


लवेश सांघी

### दि ग्वालियर होलसेल क्लॉथ मर्केंटाइल एसोसिएशन (रजि.) का निर्वाचन संपन्न


प्रीतम बघेल


कैलाशचंद्र मित्तल

दि ग्वालियर होलसेल क्लॉथ मर्केंटाइल एसोसिएशन (रजि.) के चुनाव में अध्यक्ष–श्री प्रीतम सिंह बघेल, उपाध्यक्ष–श्री कैलाशचन्द्र मित्तल, मानसेवी सचिव–श्री विजय जाजू, सहसचिव–श्री वसंत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–श्री सुनील सारवगी सहित कार्यकारिणी सदस्य पद पर सर्वश्री अमित बत्रा, गौरव गुप्ता, नरेश कुमार सिंहल, नितिन गुप्ता, विकास गंगवाल, आशीष लूनिया, चन्द्रशेखर अग्रवाल, दीपक सरावगी, कमलेश अग्रवाल, मुकेश जैन, नितिन जैन, पुष्कल गर्ग, संदीप चौपड़ा, संजय जैन, सतीश गुप्ता, विकास सिंहल, विजय गुप्ता निर्वाचित हुए।


विजय जाजू


वसंत अग्रवाल


सुनील सरावगी

**पदाधिकारियों ने उपरोक्त मनोनीत व निर्वाचित महानुभावों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।**

# "Solar Fair-2025" : अभूतपूर्व सफलता



म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा दिनांक 13 व 14 सितम्बर को आयोजित 'सोलर फेयर–2025' ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ सम्पन्न हुआ । इस मेगा आयोजन में 35 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष व्यापार दर्ज हुआ, जबकि लगभग 50 करोड़ रुपये की संभावित डील्स व पूछताछ भविष्य के निवेश का संकेत बनीं ।

'दो–दिवसीय' इस आयोजन में उद्योग जगत, व्यापारिक वर्ग, होटल, हॉस्पीटल संचालकों एवं शैक्षणिक संस्थानों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने सौर ऊर्जा प्रणालियों की नवीनतम तकनीकों, दीर्घकालिक बचत और पर्यावरणीय लाभ की बारीकियों को गहराई से समझा ।




सोलर फेयर में पधारे, माननीय ऊर्जा मंत्री, श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने उद्बोधन में कहा कि चेम्बर द्वारा 'सोलर क्रांति' के द्वारा व्यापक जनजागरण कर एक अच्छा कार्य किया जा रहा है । आपने कहाकि सोलर एनर्जी के डबल फायदे हैं । सोलर एनर्जी, ग्रीन एनर्जी भी है, जो वातावरण को प्रदूषण मुक्त कर रही है । साथ ही, बिजली की भी बचत हो रही है । माननीय प्रधानमंत्री जी का भी सपना है कि देश का प्रत्येक घर, सौर ऊर्जा से रोशन हो ।




इस वर्ष फेयर की विशेष उपलब्धि रही कि ''प्रधानमंत्री कुसुम योजना'' के अंतर्गत क्षेत्रीय उद्यमियों का उत्साह उल्लेखनीय रहा । योजना के तहत 5 प्रोजेक्ट्स को स्वीकृति मिली, जिसने सौर ऊर्जा अपनाने की गति को और बढ़ाया ।

लगातार तीसरे वर्ष आयोजित यह आयोजन ग्वालियर अंचल में वैकल्पिक ऊर्जा क्रांति का आधार बन रहा है । 'सोलर फेयर' ने न केवल व्यावसायिक संभावनाओं को विस्तार दिया है, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता और हरित भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम भी सिद्ध हुआ है ।









# ऑनलाइन नामांतरण एवं समग्र आईडी की आवश्यकता व प्रक्रिया पर नगर-निगम के साथ बैठक आयोजित




नगर–निगम, ग्वालियर की ऑनलाइन नामांतरण प्रक्रिया एवं समग्र आईडी की आवश्यकता और प्रक्रिया पर दिनांक 16 सितम्बर को एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में नगर–निगम, ग्वालियर की सामाजिक सुरक्षा अधिकारी–पूर्वी अग्रवाल ने बताया कि समग्र आईडी मध्यप्रदेश शासन की जनसंख्या पंजी है । यह आईडी मध्यप्रदेश सरकार की सभी योजनाओं के लिए आवश्यक है। वर्ष 2013–14 में समग्र आईडी बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया था। प्रारंभ में ग्वालियर की लगभग 29 लाख समग्र आईडी दर्ज की गई थी, जबकि इतनी संख्या ग्वालियर की नहीं है। इसलिए डुप्लीकेसी को खत्म करने के लिए समग्र आईडी की ईकेवायसी की जा रही है। इसे आधार से लिंक करके किया जा रहा है, जिससे वास्तविक समग्र आईडी ही शेष रहें और लोगों के नाम पते व अन्य जानकारियाँ भी अपेडट हो सकें। आप समग्र आईडी एवं उसकी ईकेवायसी के लिए चार विकल्प अपना सकते हैं, जिनमें लोक सेवा केन्द्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर तथा समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in पर जाकर स्वयं इस कार्य को कर सकते हैं। उक्त वेबसाइट पर जाकर आप अपनी समग्र आईडी प्रविष्ट करें, अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर, ओ.टी.पी. से सत्यापन करें, अपना आधार नंबर दर्ज करें तथा आधार से प्राप्त ओटीपी को प्रविष्ट कर, अपने आधार को सत्यापित करें। इस प्रकार आपका ईकेवायसी हो जाएगा। नगर–निगम में ऑनलाइन नामांतरण प्रक्रिया के लिए पोर्टल https://enagarpalika.mp.gov.in/home पर सिटीजन लॉगिन पर क्लिक करें। इसके बाद अपना समग्र आईडी अथवा मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी प्राप्त करें, फिर प्रॉपट टैक्स पर जाएँ, इसके बाद प्रॉपट ट्रांसफर पर क्लिक करें। आपका जो प्रॉपट टैक्स ड्यू है, पहले उसे पे करें। यदि ड्यू नहीं है, तो प्रॉपट की सारी डिटेल फिल करें। सभी दस्तावेजों की स्पष्ट पीडीएफ फाइल ऑनलाइन लॉगिन करने से पूर्व बना लें, ताकि वह सभी अटेच कर सकें। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त के पश्चात सभी दस्तावेज वेरीफाय होने एवं नामांकन विज्ञप्ति प्रकाशन पश्चात नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी आप अपने आवेदन की स्थिति भी ऑनलाइन पोर्टल पर चैक कर सकेंगे।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा कि समग्र आईडी एवं नामांतरण प्रकरणों में आ रही परेशानियों के लिए यह बैठक आयोजित की गई है। आपने कहा कि समग्र आईडी की विसंगतियों को दूर कराने हेतु शीघ्र ही 'चेम्बर भवन' में शिविर लगाया जाएगा।

बैठक का संचालन, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया तथा अंत में आभार उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल ने व्यक्त किया। बैठक में मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्य–सर्वश्री महेन्द्र साहू, निर्मल कुमार जैन, आशीष जैन, आशीष अग्रवाल, श्रीमती अंजलि गुप्ता, अशोक कुमार अग्रवाल, घनश्यामदास नागवानी, भरत कुमार बंसल, विकास अग्रवाल, मनोज कुमार सांघी, रवि मित्तल, आशुतोष मिश्रा, संजय गुप्ता, राजेश बंसल, नरेन्द्र कुमार मंगल, अनिल अग्रवाल, नंदकिशोर गोयल सहित काफी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।

## नवीन सदस्यों को सदस्यता प्रमाण-पत्र एवं एमपीसीसीआई पिन का हुआ वितरण

कार्यकारिणी समिति की दिनांक 28 अगस्त 2025 को आयोजित बैठक में जिन 25 नवीन फर्मों को सदस्यता प्रदान की गई थी, उन्हें बैठक के उपरान्त सदस्यता प्रमाण–पत्र एवं एमपीसीसीआई पिन वितरित कर, नवीन सदस्यों का स्वागत किया गया।

# भारत सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए व्यापक बदलाव पर परिचर्चा आयोजित



भारत सरकार द्वारा दि. 22 सितम्बर 2025 से जीएसटी में किए गए व्यापक बदलावों पर दिनांक 20 सितम्बर को एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में जीएसटी विशेषज्ञ के रूप में सी.ए. दीपक वाजपेयी उपस्थित थे।

जीएसटी विशेषज्ञ–सीए दीपक वाजपेयी ने व्यवसायियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कहा कि जीएसटी रिफॉर्म्स में अब 12 एवं 28% की दर को हटाकर 5 एवं 18% रखी गई हैं, वहीं कुछ उत्पादों पर यह 40% रखी गई है। आपने कहा कि जो जीएसटी सुधार हुआ है, उसको ज्यादा कॉम्पलीकेटेड तरीके से न समझें। सरकार ने जीएसटी की दरों को घटाकर नोटिफिकेशन दि. 17 सितम्बर को जारी किया है, जिसमें केवल दरें बदलाव की बात जारी की गई है। जीएसटी का बेसिक स्ट्रक्चर जिसमें आप वर्ष–2017 से कार्य कर रहे हैं, उसमें 22 सितम्बर के बाद कोई परिवर्तन नहीं होने वाला है। सरकार ने केवल अधिक दरों को घटाकर कम किया है, बाकी पैटर्न तो वही रहने वाला है। यदि आप विभिन्न प्रकार की जीएसी दरों का कच्चा माल पूर्व में प्रयोग कर, उत्पाद बनाते थे, तो सरकार ने उसका आज तक आपसे वायफरकेशन नहीं मांगा है और आगे भी यह व्यवस्था इसी प्रकार रहेगी। वर्किंग पेटर्न में कोई परिवर्तन नहीं होने वाला है। मुख्य प्रश्न है कि मेरे इनपुट टैक्स क्रेडिट का क्या होगा और मेरे स्टॉक का क्या होगा ? यदि आपकी स्टॉक की कीमतों में परिवर्तन हुआ है, तो इसका प्रश्न आपसे पूछा जाएगा आपको स्टॉक की जानकारी रखनी होगी पर आपको कोई डिक्लेरेशन नहीं देना है। टैक्स रिबेट 18% से घटकर 12% हुई या 12% से बढ़कर 18% हुई है, तब आपको इसका आईटीसी रिफण्ड होगा। यदि किसी उत्पाद पर जीएसटी दर थी और 22 सितम्बर के बाद उस पर जीएसटी दर शून्य होगी, तो यदि आपने उस उत्पाद पर आईटीसी लिया है, तब आपको रिवर्स करना पड़ेगा। आपके पास आईटीसी यदि कम रखा है और स्टॉक ज्यादा आपके पास है तो आपको रिवर्स करना पड़ेगा जीएसटी का अप्रत्यक्ष रूप से भार उपभोक्ता पर आता है, इसलिए जहां पर जीएसटी दरें कम हुई हैं, वहां पर उसका लाभ आपको उपभोक्ता देना पड़ेगा यदि आपकी कॉस्ट बढेगी तो दरें बढानी पड़ेगी आपने विस्तार से जीएसटी में आये व्यापक सुधारों पर परिचर्चा में विस्तार से बताया परिचर्चा के अंत में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2017 में जब जीएसटी लागू हुआ था उसके बाद उसमें कई संशोधन किये गये क्योंकि उसमें विसंगतियां थीं इन विसंगतियों को चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा विभिन्न सेमीनार के माध्यम से एकत्रित किया गया था इसी प्रकार जो रिफॉर्म होने जा रहा है, उसमें जो विसंगतियां परिलक्षित होंगी, उस पर हम केन्द्र सरकार को लिखेंगे ताकि व्यवसायियों को नुकसान न हो और उपभोक्ता भी लाभांवित हो सकें।

बैठक के प्रारम्भ में स्वागत उद्बोधन देते हुए, अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी में जो रिफोर्म हुए हैं, वह दि. 22 सितम्बर से लागू हो जाएँगे। इन रिफॉर्म्स पर विस्तार से चर्चा कर, बारीकियों को समझने एवं इसके लाभ एवं विसंगति को जानने के लिए यह परिचर्चा आयोजित की गई है। बैठक में व्यवसायियों ने अपनी जिज्ञासाओं संबंधी अनेक प्रश्न किये जिनके जवाब जीएसटी विशेषज्ञ द्वारा दिये।

बैठक का संचालन मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल तथा आभार कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया बैठक में संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता, कार्यकारिणी समिति सदस्य–महेन्द्र कुमार साहू, अमित सेठी, नंदकिशोर गोयल, आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, भरत कुमार बंसल, गिरिराज सिंघल, सुनील अग्रवाल, अरूण गुप्ता, उद्यमी–संजय कपूर, संजय धवन, माधव अग्रवाल सहित काफी संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे।

ClearMedi Healthcare
[A Morgan Stanley Invested Company]



# क्लियरमेडी परिधि

मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ग्वालियर

ए मोर्गन स्टेनले कम्पनी, अमेरिका

**सुविधाएं :–**

- न्यूरो सर्जरी
- ऑर्थो ट्रॉमा, जॉइंट रिप्लेसमेंट
- कैंसर सर्जरी
- यूरोलॉजी, जनरल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- प्रसूति एवं स्त्री रोग
- वैस्कुलर सर्जरी
- नॉन इनवेसिव कार्डियोलॉजी
- प्लास्टिक सर्जरी
- स्पोर्ट्स इंजरी
- कीमोथेरेपी
- किडनी रोग विभाग
- डायलिसिस सुविधा
- मेडिसिन विभाग
- अन्य सुविधाऐं

*प्रत्येक शनिवार ओ.पी.डी. फ्री

**हमारी उपस्थिति**

ग्वालियर | नोएडा | वाराणसी
मैसूर | नांदेड़ | मोहाली

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत

आयुष्मान योजना के अन्तर्गत फ्री ईलाज

कैंशलेस उपचार के लिए इंश्योरेंस एवं आयुष्मान भारत उपलब्ध

FAST AND RELIABLE MEDICAL SERVICES

**सम्पर्क : –**

111, कैलाश विहार, एस.बी.आई. रीजनल ऑफिस के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर

☎ : 0751-4928877, 7900900953, 70008 46660

24/7 EMERGENCY SERVICES
8518053333




**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा माँ कैला देवी प्रिन्टर्स, ग्वालियर द्वारा मुद्रित तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक-दीपक अग्रवाल, दूरभाष-0751-2371691, 2632916, 2382917